# मरने से पहले हमें मार डालना कोई ख्याल रखने वाला नहीं है

## गोविंदनगर में वृद्धा की हत्या भाई ने की थी, खुद गया था खुदकुशी करने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंदनगर में वृद्धा द्रोपदी आनंद की हत्या का शनिवार को खुलासा हुआ। भाई भगवान दास ने ही बहन की हत्या की थी। हैलट में भर्ती भगवान दास ने होश में आने पुलिस को बताया कि बीमारी से परेशान बहन का दर्द देखकर उसे मार डाला। बहन के साथ खुद की बीमारी से टूट गया था। दवाओं का खर्च उठाना मुश्किल पड़ रहा था। द्रोपदी को मारकर खुद आत्महत्या करने गोविंदपुरी स्टेशन गया था, लेकिन वहां घबराहट में बेहोश हो गया। बहन ने खुद कहा था, मरने से पहले हमें मार डालना। वहीं रविवार को द्रोपदी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में धारदार हथियार से सिर की हड्डियां टूटने व कोमा में जाने से मौत की पुष्टि हुई है। चेहरे पर भी वार के निशान मिले हैं। पैर के अंगूठों में करंट लगाने की पुष्टि हुई।


हैलट में भर्ती भगवान दास।

- बहन बीमार थी, इलाज के पैसे नहीं थे, दुख देखा नहीं गया तो मार डाला
- होश में आने पर फफक पड़ा भाई, बोला-टूट गया था, बहन की दवा के पैसे नहीं थे

गोविंदनगर के ए-ब्लाक निवासी वृद्धा द्रोपदी आनंद अपने अविवाहित छोटे भाई 60 वर्षीय भगवान दास के साथ रहती थीं। भगवान दास दादानगर स्थित बिस्कुट फैक्ट्री में नौकरी करता है। शनिवार सुबह उनके घर कच्ची बस्ती निवासी काम वाली प्रेमा पहुंची तब हत्या की जानकारी हुई थी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच के बाद स्टेशन पर बेहोश मिले द्रोपदी के भाई को हैलट में भर्ती कराया था। द्रोपदी के दोनों पैर रस्सी से बंधे थे, दोनों अंगूठों पर तार बंधा था, जो स्विच साकेट में लगा था। बेड के नीचे बांका मिला था। होश में आने पर भगवान दास ने पुलिस को बताया कि बीमारी के कारण 10 दिन गोविंदनगर के एक अस्पताल में बहन भर्ती रही थीं। पांच-छह दिन पहले ही घर लाया था। बहन की बीमारी में जमापूंजी खर्च हो चुकी थी। दवा के लिए रुपये नहीं बचे थे। जिससे अवसाद में था। जान देने की सोच रहा था। शुक्रवार को बहन के कुछ कहने पर चिड़चिड़ा उठा और कह दिया कि अब बीमारियों को खर्च उठाना मुश्किल हो गया है। मर जाना चाहता हूं। इस पर बहन बोली, अगर मरना तो पहले उसे मार देना। कोई ख्याल रखने वाला नहीं है। यहीं कारण है पहले उसे मारा और फिर आत्महत्या करने स्टेशन पहुंचा था।

### सोते समय बांका मारा, फिर करंट लगाया

- भगवान दास ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात बहन जब गहरी नींद में थी, उस पर बांके से तीन वार किया। दो वार सिर पर एक चेहरे पर लगा। शनिवार सुबह उठा तो लगा कि उसकी सांसें चल रही हैं। इस पर तार लपेटकर करंट लगाया और मरने के लिए निकल गया।

### गुजरात से आए बड़े भाई ने दी मुखाग्नि

- पुलिस से बहन की हत्या की सूचना पाकर रविवार दोपहर द्रोपदी का भाई पुरुषोत्तम दास गुजरात के बड़ौदा से आया। पुरुषोत्तम सीधा पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां पुलिस ने उन्हें शव सुपुर्द किया। वह बहन का शव लेकर घर पहुंचे और फिर बर्रा स्थित स्वर्गाश्रम में बहन को मुखाग्नि दी।

# कार ने ई-रिक्शा उड़ाया चालक की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्वालटोली एफएम कालोनी गेट के पास तेज रफ्तार कार चालक ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी जिससे रिक्शा पलट गया और चालक व उसमें बैठीं सवारियां घायल हो गईं। कार चालक भाग निकला। ग्वालटोली पुलिस ने घायलों को उर्सला भेजा, जहां रिक्शा चालक की मौत हो गई। सीसीटीवी में कैद हादसे की फुटेज देख पुलिस चालक का पता लगा रही है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद ई-रिक्शा चालक के परिजनों में थाने में शव रखकर हंगामा किया।

ग्वालटोली के खलासी लाइन निवासी 50 वर्षीय संजय कुमार सोनकर ई-रिक्शा चालक थे। रविवार सुबह सब्जी मंडी चौराहा से सवारियां लेकर बड़ा चौराहा जा रहे थे। रास्ते में एफएम कालोनी गेट के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार काले रंग की लग्जरी कार ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। ई-रिक्शा पलट गया। उसमें बैठा चालक व सवारियां सड़क पर गिरीं। सभी घायल हो गए। कार चालक भाग निकला। पुलिस की मदद से घायलों को उर्सला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। वहीं घायल शुक्लागंज निवासी स्वास्थ्य कर्मी सोनी रावत समेत दो अन्य को उनके परिजन इलाज के बाद ले गए। हादसे की खबर पाकर संजय की पत्नी संतोष देवी, तीन बेटियां और बेटा आयुष अस्पताल पहुंचे। बाद में पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर ग्वालटोली थाने पहुंचे और हंगामा किया।


संजय कुमार।

- ग्वालटोली एफएफ कालोनी गेट के सामने की घटना, भागा कार चालक

> पीड़ित परिवार की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और दूसरों की जान को खतरे में डालने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार चालक का पता लगाया जा रहा है।
> –श्रवण कुमार, डीसीपी सेंट्रल

## सार-संक्षेप

### गुरु हमेशा निभाता है भक्त का साथ : सुधांशु जी महाराज

**कानपुर।** सिद्धधाम आश्रम बिठूर रोड में रविवार को धार्मिक आयोजन हुए। इस दौरान सुधांशु जी महाराज ने सौ भक्तों को गुरु दीक्षा दी। शाम को हुए प्रवचन में उन्होंने भक्तों को सद्गुरु की महिमा बताई। कहा कि गुरु भक्त का हर समय साथ निभाता है। सुधांशु जी महाराज ने कहा कि माता–पिता, दादा–दादी एक समय बाद साथ छोड़ देते हैं। एक गुरु ही है जो जीवनभर भक्त का साथ निभाता है। उन्होंने कहा कि हमारा देश संस्कृति और सभ्यता में विश्व के सभी देशों में सर्वश्रेष्ठ है। इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों में देश की संस्कृति व संस्कार देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ें। सुधांशु जी महाराज ने भक्तों को पितरों को कभी न भुलाने की सीख दी। कहा कि जीवन में कोई भी कर्म करें पितरों को याद करना न भूलें। कार्यक्रम में कानपुर मंडल के प्रधान आरपी सिंह, मधु काया, किशोर काया सहित अन्य मौजूद रहे।


सुधांशु जी महाराज।



झांसी में विचार वर्ग कानपुर प्रांत की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई।

### केशव प्रांत सह संयोजक, करन को युवाओं का दायित्व

**कानपुर।** स्वदेशी जागरण मंच कानपुर प्रांत का दो दिवसीय विचार वर्ग रविवार को झांसी में हुआ। बैठक में प्रथम दिन विचार वर्ग में कुछ दायित्वों में परिवर्तन किया गया। जिसमें प्रांत के युवा प्रमुख केशव वाजपेई को प्रांत का सह संयोजक प्रथम नियुक्त किया गया। सह संयोजक द्वितीय का दायित्व कानपुर देहात के जिला संयोजक जन्मेजय सिंह को दिया गया। कानपुर महानगर युवा प्रमुख करण सिंह चंदेल को पूरे प्रांत के युवा प्रमुख के रूप में कार्यभार दिया गया। जालौन के जिला संयोजक लाल सिंह को प्रांत का प्रचार प्रमुख और राजेंद्र गुप्ता को वरिष्ठ आयाम प्रमुख का दायित्व दिया गया। कानपुर प्रांत की नवीन कार्यकारिणी में अब संयोजक सुदीप खरे, सहसंयोजक प्रथम केशव बाजपेई, सह संयोजक द्वितीय जन्मेजय सिंह, संपर्क प्रमुख डॉ. वरुण प्रपन्नाचार्य, प्रचार प्रमुख लाल सिंह, महिला प्रमुख रश्मि सविता, युवा प्रमुख करन सिंह चंदेल, वरिष्ठ आयाम प्रमुख राजेंद्र गुप्ता होंगे।



अस्पताल में जानकारी देते डॉक्टर।

### धनवंतरि हॉस्पिटल में गंभीर महिला की बचाई जान

**कानपुर।** नौबस्ता स्थित धनवंतरि सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में 22 जून को 37 वर्षीय मिनाक्षी को भर्ती किया गया था, जिसे रक्त चढ़ाने के बाद गंभीर प्रतिक्रिया हुई, जिसके कारण उन्हें सेप्सिस, श्वास कष्ट और बेचैनी के लक्षणों के साथ आपातकालीन विभाग में लाया गया। इस स्थिति में मरीज को आईसीयू में भर्ती किया गया, जहां वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. आनंद बाजपेयी व क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. मधुरेशा देखा। खून की कमी होने की वजह से मरीज को नॉरएड्रेनालिन पर रखा गया। जांच में मरीज को ट्रांसफ्यूशन रिलेटेड एक्यूट लंग इंजरी, एआरडीएस सेप्सिस और एकेआई जैसे कई जटिल रोग की पुष्टि हुई। मरीज को छह दिन आईसीयू और फिर सामान्य वार्ड में भर्ती कर इलाज किया गया। हालत में सुधार होने पर 22 जून को डिस्चार्ज किया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक यह केस धनवंतरि सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की क्लिनिकल दक्षता, विशेषज्ञता और समर्पित देखभाल का प्रमाण है। अस्पताल निदेशक डॉ. एस. वेंकटेश्वर ने कहा कि हमारा उद्देश्य न केवल इलाज, बल्कि जीवन बचाना है और ये केस इसी लक्ष्य की सिद्धि का उदाहरण है।

### ई-रिक्शा चढ़ाकर कुत्ता मारा, रस्सी से बांधकर घसीटा

**कानपुर।** बाबूपुरवा के बागाही इलाके में चालक ने शनिवार रात ई–रिक्शा चढ़ाकर कुत्ते को मार डाला और भाग निकला। लोगों के विरोध पर रविवार सुबह ई–रिक्शा में रस्सी से बांधकर दो किमी तक घसीटा और रास्ते में छोड़कर भाग गया। घटना का वीडियो वायरल होने पर पुलिस छानबीन में जुटी है। घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद है। इलाके के लोगों के अनुसार युवक ई–रिक्शा चार्ज करने के लिए शनिवार रात करीब दो बजे आया था। चार्जिंग के बाद ई–रिक्शा मोड़कर जाते समय कुत्ते को कुचल दिया। सुबह लोगों ने कुत्ता मरा देख सीसीटीवी चेक किया तो खुलासा हुआ। चालक को बुलाकर कुत्ते को कहीं और फेंकने के लिए कहा। इस पर उसने कुत्ते को रस्सी से ई–रिक्शा में बांधकर घसीटा और यशोदानगर बाइपास की तरफ रास्ते में ही फेंककर भाग आया। बाबूपुरवा थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो का संज्ञान लेकर जांच की जा रही है। अगर किसी ने शिकायत की तो कार्रवाई होगी।



आईएमए सभागार में आयोजित सेमिनार में मौजूद डॉक्टर। अमृत विचार

# इम्यूनोथेरेपी: कैंसर के इलाज में एक नया युग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईएमए सभागार में रोबोटिक विधि पर सेमिनार में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

**अमृत विचार।** इम्यूनोथेरेपी, कैंसर के इलाज में एक नया युग है। अब हम शरीर की अपनी प्रतिरक्षा को वैज्ञानिक ढंग से बदल कर कैंसर से लड़ रहे हैं। इसके जरिए न सिर्फ परिणाम बेहतर हो रहे हैं, बल्कि दुष्प्रभाव भी कम हो रहे हैं। इम्यूनोथेरेपी कैंसर के रोगियों को लंबे समय तक जीवित रहने में मदद कर सकती है। यह जानकारी मेदांता, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने दी।

परेड स्थित आईएमए सभागार में आईएमए कानपुर शाखा और मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ की ओर से एक सीएमई प्रोग्राम का आयोजन हुआ, जिसमे नेफ्रोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन के डॉ. आरके शर्मा ने कार्डियो रीनल मेटाबोलिक सिंड्रोम की जानकारी दी। मेदांता लखनऊ के मेडिकल डायरेक्टर, यूरोलॉजी व किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी के डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने कहा कि रोबोट के सहयोग से अब कम समय मं सटीक इलाज में मदद मिल रही है। मरीज की पूरी लाइफ स्टाइल को समझकर उपचार का प्लान करना होता है। नेफ्रोलॉजी एवं किडनी विभागाध्यक्ष डॉ. राज कुमार शर्मा ने कार्डिओ-रीनल-मेटाबोलिक मैनेजमेंट सिंड्रोम पर जानकारी दी। कहा कि क्रॉनिक किडनी डिजीज के इलाज में अब तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका है और रोबोटिक विधि इसमें कारगर साबित हो रही है। किडनी और मेटाबॉलिज्म के बीच जो आपसी संबंध हैं, उन्हें समझे बिना इलाज अधूरा है। आईएमए अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी, सचिव डॉ.विकास मिश्रा, वैज्ञानिक सचिव डॉ. गणेश शंकर, वैज्ञानिक चेयरमैन डॉ. एसी अग्रवाल, चेयरपर्सन डॉ.अर्चना भदौरिया, डॉ. युवराज गुलाटी, डॉ. देशराज गुर्जर, डॉ. वसीम रजा, डॉ. पीके अग्रवाल, डॉ. दीप्ति मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ.कुणाल सहाय, संयुक्त वैज्ञानिक सचिव डॉ. कीर्ति वर्धन सिंह मौजूद रहे।

# मॉक पार्लियामेंट में पक्ष-विपक्ष की भूमिका निभाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 25 जून को आपातकाल पर हर जिले में होंगी संगोष्ठियां
- 27 जून को होगा मॉक पार्लियामेंट का आयोजन

**अमृत विचार।** भाजपा 25 जून को आपातकाल की 50वीं बरसी मनाएगी। इस दौरान सभी जिलों में संगोष्ठियों एवं प्रदर्शनी आयोजित होगी। 25 जून को आपातकाल पर संगोष्ठियां और 27 जून को मॉक पार्लियामेंट का आयोजन होगा। रविवार को इसको लेकर क्षेत्रीय मुख्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बैठक की।

पाल ने बताया कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए पूरे देश में आपातकाल थोप दिया। संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कुचलने वाली इस घटना को आज भी भारतीय राजनीति का सबसे काला दिन माना जाता है। भाजपा इस दिन संगोष्ठियों के माध्यम से उस समय के अत्याचारों, मीडिया सेंसरशिप और विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी जैसे मुद्दों को सामने लाएगी। 27 जून को कानपुर महानगर एवं झांसी महानगर में युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा मॉक पार्लियामेंट का आयोजन करेगी। जिसका वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। कार्यक्रम से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी सीधे तौर पर जुड़ेंगे। मॉक पार्लियामेंट का आयोजन सुबह 10 बजे से सायं 7 बजे तक होगा। जिसमें युवा, महिला मोर्चा के कार्यकर्ता पक्ष-विपक्ष की भूमिका निभाते हुए लोकतांत्रिक संवाद करेंगे। इस आयोजन में 18 से 35 वर्ष तक के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे, जिनका चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है। युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि मॉक पार्लियामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भाजपा प्रदेश स्तर के जजों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओम प्रकाश धनखड़ रहेंगे।

मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि अभियान की निगरानी भाजपा क्षेत्र के महामंत्री रामकिशोर साहू, आलोक शुक्ला एवं वीरेंद्र तिवारी द्वारा की जाएगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अनुभव द्विवेदी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, क्षेत्रीय मंत्री खेमराज शर्मा, अंकित अग्रवाल, विवेक त्रिपाठी आदि रहे।



कार्यक्रम की रणनीति बनाते भाजपा नेता। अमृत विचार

## ई-रिक्शा में बैठी सवारी का मोबाइल लूटा

**कानपुर।** चकेरी के जगईपुरवा निवासी गुलशन गुप्ता के अनुसार बीती 20 जून की दोपहर वह ई-रिक्शा में बैठकर कोयलानगर जा रहे थे, रास्ते में बाइपास हाईवे पर सनिगवां मोड़ के पास पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनकी शर्ट की जेब से मोबाइल लूट लिया और भाग निकले। उन्होंने सूचना कोयलानगर और सनिगवां चौकी में दी। आरोपी है कि पुलिस ने उसे दोनों चौकी के चक्कर लगवाए। जब चकेरी थाने में शिकायत की तो सुनवाई हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# रिटायर्ड ऑडिट अफसर के घर से 20 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पॉवर कारपोरेशन के सेवानिवृत्त ऑडिट अधिकारी के बंद मकान से चोर 20 लाख से अधिक का माल पार कर ले गए।

साइट नंबर वन डबल स्टोरी कालोनी किदवईनगर निवासी राज कुमार चतुर्वेदी उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन में ऑडिट अधिकारी थे। उनकी पत्नी रजनी केस्को में कार्यरत थीं। बेटा शोभित एक एफएमसीजी कंपनी में काम करता है और परिवार के साथ पनकी शताब्दी नगर में रहता है। राज कुमार कालोनी में प्रथम तल पर रहते हैं। उनकी नातिन मुस्कान की बेंगलुरु में नौकरी लगी है, 28 मई को उसे छोड़ने गए थे। घर पर पत्नी थीं। तबियत खराब होने पर वह दो जून को पनकी में बेटे के पास चली गईं। 19 जून को जब पत्नी लौटीं तो कमरों और अलमारियों के ताले टूटे मिले। चोर करीब डेढ़ लाख रुपये कैश व 18.5 लाख रुपये से अधिक के जेवर ले गए। पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की है। किदवईनगर इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे हैं।

## शराब के पैसे न देने पर लाठी से पीटा

**कानपुर।** शराब के लिए पैसे न देने पर युवकों ने फैक्ट्री कर्मी को लाठी से पीटा। अहिरवां के संजीवनगर निवासी किशन गौतम ने बताया कि वह रुमा स्थित फैक्ट्री में काम करते हैं। बीते शनिवार की रात दस बजे वह घर लौट रहे थे, तभी इलाके का एक युवक ने अपने साथियों के साथ रास्ते में रोककर शराब के लिए रुपये मांगे। विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से पीटा। आरोपी पहले से नशे में थे और मोबाइल लूटकर भाग गए। चकेरी थाना प्रभारी ने बताया कि जांच की जा रही है।

वाहे गुरु सतनाम | श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी शताब्दी का शुभारंभ

# गुरु पूरा मिलावे मेरा प्रीतम हऊ वार वार, शबद से संगत निहाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गुरु जी का पैगाम जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी श्री गुरु सिंह सभा
- 37 सिख स्त्री सत्संग सभाओं ने श्री सुखमनी साहिब का पाठ आरंभ किया

**अमृत विचार।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी शताब्दी का शुभारंभ किया गया जिसमें रागी जत्थों ने गुरु पूरा मिलावे मेरा प्रीतम हऊ वार वार अपने गुरु को जॉन्सा आदि शबद गायन करके संगत को निहाल किया। शताब्दी समागम में धार्मिक आयोजनों के साथ ही विशाल मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर, नगर कीर्तन, रक्तदान सहित अंगदान जागरुकता कार्यक्रम, वृक्षारोपण आदि भी आयोजित किए जाएंगे।

रविवार को श्री गुरु सिंह सभा लाटूश रोड के तत्वाधान में गुरूद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब चौक में होने वाले कार्यक्रमों एवं धार्मिक समागम प्रारम्भ हो गए। प्रमुख स्त्री सत्संग सभाओं के भव्य गुरुवाणी कीर्तन समागम के साथ कानपुर की प्रमुख 37 सिख स्त्री सत्संग सभाओं ने गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब चौक में श्री सुखमनी साहिब का पाठ आरंभ किया। इस अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा कानपुर के अध्यक्ष सरदार हरविंदर सिंह लॉर्ड ने कहा कि सभा गुरु के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी। इसके लिए उप समितियों का गठन किया गया है और जल्द ही पूर्ण और विस्तारित शताब्दी समागम की रुप रेखा सार्वजनिक की जाएगी। इस अवसर पर स्त्री सत्संग सभाओं का सम्मान भी किया गया। समागम में सरदार सुखविंदर सिंह लाडी भल्ला, सरदार सुरजीत सिंह लॉर्ड, ज्ञानी मदन सिंह, हरमिन्दर सिंह लोंगोंवाल, गगन ढींगरा, मनमीत सिंह राजू, जसवीर सिंह सचदेव, जितेंदर सिंह, नीना बहन जी, स्वीटी कोहली, सत्ती बहनजी, जसबीर कौर, सतनाम कौर, अनमीत कौर अन्नू, बलजीत कौर मीनू आदि उपस्थित थीं।


श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350 वां शहीदी पर्व शुरू हो गया। अमृत विचार

## कीर्तन, दस्तार, सिख इतिहास बताया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बच्चों ने शबद कीर्तन करके संगत का मन मोहा
- ज्ञान अर्जन गुरमति समर स्कूल का समापन

**अमृत विचार।** गुरु गोविंद स्टडी सर्किल द्वारा पिछले एक माह से शहर के तीन स्थानों पर संचालित किए जा रहे ज्ञान अर्जन गुरमति समर स्कूल का रविवार को समापन हो गया। इस कैंप में सिख युवा पीढ़ी को गुरमुखी भाषा, गुरवाणी, कीर्तन, दस्तार, सिख इतिहास भी बताया गया।

गुरु गोविंद स्टडी सर्किल ने लालबंगला स्थित हरजिंदर नगर इंटर कालेज, गुरु नानक पब्लिक स्कूल सीनियर सेकंडरी स्कूल लाजपत नगर, खालसा गर्ल्स इंटर कालेज गोविंद नगर में समर कैंप चलाया। जिसमें बच्चों को शबद कीर्तन, गुरमुखी भाषा, दस्तार बांधने का तरीका और सिख मार्शल आर्ट (गतका) का प्रशिक्षण दिया गया। समापन पर गुरुद्वारा श्री कलगीधर सिंघ सभा ब्लाक नंबर 11 गोविंद नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैंप में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। श्री गुरु सिंह सभा लाटूश रोड के प्रधान सरदार हरविंदर सिंह लार्ड, गुरुद्वारा श्री कलगीधर सिंघ सभा के प्रधान सरदार सतनाम सिंह, स्टडी सर्किल नार्थ जोन के प्रभारी सरदार मनमीत सिंह ने विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। लंगर का आयोजन किया गया। सरदार जगजीत सिंह, सरदार मनिंदर सिंह, सरदार रणजीत सिंह, परमजीत सिंह, टीपी सिंह, गगदीप सिंह, गुरविंदर सिंह, जसमीत कौर बीबी अवनीत कौर थीं।


गुरुद्वारा में ज्ञान अर्जन गुरमति समर स्कूल का समापन समारोह हुआ।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

NOTICE
I, Tamanna Aziz, daughter of Tarun Kumar, born on 13 August 1983, formerly known as Tamanna Kumar, hereby declare that I have changed my name to Tamanna Aziz.I confirm that all academic, legal, and personal documents issued under the name Tamanna Kumar belong to me, Tamanna Aziz, and refer to the same person.This affidavit is made truthfully for official use, including national and international purposes, as and when required.

सूचना
सूचित हो कि मेरा बड़ा बेटा अजय वर्मा शराब पीकर मुझसे अभद्रता, गाली–गलौज व मारपीट करता है। जिससे मेरी सामाजिक स्थिति को ठेस पहुंच रही है। इसमें उनकी पत्नी अनीता बराबर की भागीदार है। इसलिए मैं अपने बेटे अजय वर्मा व उसकी पत्नी अनीता को अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज से मेरा इस बेटे व उसकी पत्नी से किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **–रामस्वरूप वर्मा पुत्र बल्ला निवासी मोहल्ला–गढ़ी, कस्बा व परगना व थाना व तहसील बांगरमऊ उन्नाव।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा घरेलू नाम कान्ती देवी तथा बाहरी नाम तारावती है। दोनों नाम मेरे ही हैं। अत: मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **कान्ती देवी उर्फ तारावती पत्नी हरीशचंद्र, ग्राम रतनपुर मशमूले प्रानपुर परगना, तहसील व जिला बलरामपुर**

सूचना
सूचित हो कि मैं **लाल सिंह गौतम पुत्र स्व0 माधव प्रसाद निवासी ग्राम रामनगर परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ,** मेरे दो पुत्र क्रमश: अरूण कुमार व आशुतोष कुमार है। मेरे बड़े पुत्र अरुण कुमार का चाल–चलन व आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक नहीं है तथा मुझसे व मेरे परिवार से हमेशा मारपीट करते है। मैं अपने बड़े पुत्र अरुण कुमार के खराब चालो–चलन व आचरण से काफी आहत हूँ इसलिए मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज से मेरा व मेरे परिवार से उनका कोई भी रिश्ता–नाता नहीं रहा है यदि वह कोइ भी अपकृत्य या अपराध कर हैं तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

सूचना
मै **महेंद्र पाल पुत्र श्याम बाबू नाई निवासी ऐरवा पछेला थाना ऐरवा कटरा जिला औरैया**, उत्तर प्रदेश का हूँ। मै अपने पुत्र सौरभ व इनकी पत्नी प्रिया के झगडालू स्वभाव के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद इनके द्वारा नैतिक अनैतिक कार्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध नही होगा। इन दोनों लोगो के द्वारा किये गए किसी भी कृत्यो के लिए यही जिम्मेदार होंगे।

NOTICE
I, Anil Bhatia, Authorised representative of M/s, Modern Laboratories .E-172, Transport Nagar Lucknow-226012. Sincerely declare that i have lost my road permit Form-38 of FY 2014-15 ( R.P.No.-1071551) when going to CA office on 24.05.25, I tried hard to find that permit but failed to find out

# बारिश से बदहाल शहर


जूही खलवा पुल के नीचे जलभराव।

# स्मार्ट सिटी की छीछालेदर, सो रहे सब लीडर

» बारिश ने नगर निगम की खोली पोल, कई क्षेत्रों में जलभराव
» नंदलाल, साकेत नगर, दामोदरनगर, गुजैनी, जूही के मोहल्लों में बड़ी समस्या
» घरों में कैद लोग, खुदी पड़ी सड़कों पर चलना मुश्किल, फिसल रहे लोग

## बारिश में बहे 8 करोड़, नालों ने उगल दिया सच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मानसूनी बारिश शुरू होते ही शहर में नाला सफाई की पोल खुलकर सामने आ गई है। नगर निगम के नाला सफाई के 8 करोड़ पानी में डूब गए हैं। नगर निगम की ओर से चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर फिर से पानी भर रहा है। रविवार सुबह से हो रही बारिश में कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। ग्वालटोली, वीआईपी रोड, गोविंद नगर के नंदलाल चौराहे, साकेत नगर में किदवई नगर थाने के पास, दामोदर नगर, गुजैनी और जूही के तमाम मोहल्लों में पानी भर गया। जूही खलवा पुल को दिन में कई बार बंद करना पड़ा। वहीं, खोदाई वाले स्थानों पर फिसलन की वजह से राहगीर गिरते-फंसते रहे। कई बाजारों में जलभराव होने से जहां एक ओर व्यापार प्रभावित है, तो वहीं सीवर–वाटर ड्रेनेज लाइन एक होने के कारण कई इलाकों में सीवर का गंदा पानी बैक फ्लो लोगों के घरों में भर रहा है। गोविंद नगर नंदलाल चौराहे पर बनी सतगुरु इलेक्ट्रिकल्स व अन्य दुकानों के बाहर 4 दिनों से जलजमाव है।


नौबस्ता राजेंद्रनगर में सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

### नाली सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

- गोविंदनगर के हार्डवेयर कारोबारी अंकुर खन्ना ने बताया कि गोविंद नगर में कम बारिश में ही जलभराव हो जाता है। जिसका प्रमुख कारण है चोक पड़ी नालियां। नाली सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। गोविंद नगर थाने के सामने से बरात घर तक जलभराव की समस्या को रोकने के लिए 200 मीटर लंबी इंटरलाकिंग का प्रस्ताव 2024 में दिया गया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की तो अधिकारियों ने आख्या लगा दी कि काम प्रगति पर है, लेकिन धरातल पर कार्य की शुरुआत तक नहीं हुई।

### पंप को जेनरेटर से चलाने की तैयारी

- जूही खलवा पुल पर जलभराव न हो इसके लिए कानपुर नगर निगम ने विशेष व्यवस्था की है। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि जूही खलवा पुल पर वाटर पंप हाउस की क्षमता कम होने के कारण ओवरफ्लो हो जाता था। पानी निकालने को तीन पंप लगाए गए है। एक पंप इलेक्ट्रिक भी नया लगा है। केस्को से कनेक्शन मांगा है। जबतक के लिये जेनरेटर से पंप को चलाया जाएगा। पुल पर जलभराव होते ही 20 से 30 मिनट में पानी निकाला जाएगा। एहतियातन रूप से पुल के 500–500 मीटर दायरे पर बैरिकेडिंग लगाई गई है जो बंद कराई जा रही है।

### कूड़े से पटे वार्ड-18 के तीन नाले

- वार्ड–18 उस्मानपुर के पार्षद पति विजय गौतम के अनुसार उस्मानपुर में तीन नाले साकेत नगर चौराहे से विष्णु बैंड तक, मौरंग मंडी चौराहे से शिवाजी स्कूल तक व विष्णु बैंड से कामर्शियल पार्क होते हुए मौरंग मंडी तक के नाले में सफाई कार्य अब तक नहीं हुआ है। यह तीनों नाले इलाके के प्रमुख नाले हैं, जो कूड़े से पटे पड़े हैं। इसकी वजह से बारिश होने पर जलभराव हो जा रहा है। रविवार को भी समस्या खड़ी हो गई।

### निगरानी के लिये 21 सदस्यीय टीम गठित

- बरसात शुरू होते ही नगर निगम ने डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में 21 सदस्सीय टीम को तैनात कर दिया है। यह टीम सातों दिन 24 घंटे अलग–अलग दिनों पर कार्य कर रही है। तीन पालियों में यह लोगों की शिकायतें सुन रही है, साथ ही उसका निस्तारण कराने की जिम्मेदारी है। केंद्र प्रभारी राहुल सब्बरवाल की देखरेख में यह निगरानी हो रही है।


मलिकपुरम में खोदाई से सड़क पर पड़ी मिट्टी। अमृत विचार

### गहरी सीवर लाइन न होने से बड़ी समस्या

- पार्षद नवीन पंडित ने बताया कि 6 वार्डों का पानी गोविंद नगर बरसाती नाले और सीटीआई नाले में जाता है, नाला पुराना और जर्जर होने के कारण जलभराव की समस्या होती है। 1.20 करोड़ रुपये चावला मार्केट से नटराज टाकीज तक गहरी सीवर लाइन डालने के लिए पैसा पास हो गया है। लेकिन मजबूरी यह है कि बरसात शुरू हो गई। अगर खोदाई कराई जाती तो लोगों को समस्या होती, इसलिए बरसात के बाद काम शुरू कराया जाएगा। अगले साल से लोगों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।

### 2 साल से सीवर का पानी ओवरफ्लो

- गोविंदनगर के कारोबारी राकेश अरोड़ा ने बताया बीते 2 सालों से सीवर का पानी ओवरफ्लो हो रहा है। शिकायत करने पर कर्मचारी खानापूर्ति कर चले जाते हैं। बारिश में तो हालात बद से बदतर हो जाते हैं, कई–कई दिनों तक जलभराव बना रहता है। जलभराव होने से आसपास की जमीन धंस रही है। लोगों का वहीं से आवागमन होता है, कभी भी कोई हादसा हो सकता है।

**इस पर करें शिकायत**

8601801104, 0512 2526004
0512 2526005 या टोल फ्री 180001805159

## खुदी सड़कें बनीं तालाब, फिसल रहे राहगीर

**हादसों की डगर**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बरसात के बाद खुदी सड़कें जानलेवा हो गईं हैं। पेयजल लाइनों को डालने का काम पूरा करने के बाद भी सड़कें मोटरेबुल नहीं की गईं। जिसकी वजह से इन सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। बारिश में सड़कें तालाबनुमा हो गईं। दिनभर राहगीर सड़कों पर गिरते पड़ते रहे। कई सड़कें बैठ गईं हैं। बैरीकेडिंग न होने की वजह से कभी भी बड़ा हासदा हो सकता है।


मैकराबर्टगंज में आधी सड़क चलने लायक बची है। अमृत विचार

### एक लेन पर चल रहे वाहन, चूके तो होंगे घायल

- मैकरॉबर्टगंज रोड चुन्नीगंज शनिदेव मंदिर से भार्गव ट्रस्ट जाने वाली सड़क पाइप लाइन डालने की वजह से खोद दी गई। इसे मोटरेबुल नहीं किया गया। अब बरसात के बाद आधी सड़क तालाब बन गई है। खोद कर निकाली गई मिट्टी चिकनी होकर सड़क पर बहने लगी है। जिससे राहगीर फिसल रहे हैं। एक फीट सड़क नीचे धंस गई है। एक लेन पर चल रहे दोनों तरफ के वाहन सवार अगर चूके तो हादसे के शिकार हो सकते हैं।


डबलपुलिया से नीरक्षीर चौराहे वाली सड़क मोटरेबुल नहीं की गई। अमृत विचार


तिलकनगर के पास खोदाई से बर्बाद सड़क। अमृत विचार

### मोटरेबुल करने के लिए डाली बालू भी बह गई

- नीरक्षीर चौराहे से डबलपुलिया तक लोहे के पाइप डाले जा चुके हैं। करीब 15 दिन पहले कार्य पूरा हो गया। लेकिन, सड़कों को मोटरेबुल नहीं करने से बरसात में समस्या खड़ी हो गई। पिछले सप्ताह यहां गड्ढों को भरने के लिये बड़ी मात्रा में बालू डाली गई लेकिन, इन्हें गिट्टी के ऊपर नहीं बिछाया गया। रविवार को बारिश से गड्ढों में पानी भर गया वहीं बालू बहकर सड़क पर आ गई। इससे राहगीरों की समस्या और बढ़ गई। आधी से ज्यादा सड़क चलने लायक नहीं है।

### एक तो पाइप की खोदाई ऊपर से पेयजल समस्या

- जलनिगम की खोदाई की वजह से सबसे बड़ी समस्या पॉश इलाके तिलक नगर में खड़ी हो गई है। यहां चौराहे पर लोहे की पाइप डालने की वजह से जलकल की मुख्य पेयजल लाइन टूट गई थी। जिससे 3 दिनों से जहां 20 लाख घरों को पानी की सप्लाई नहीं हो पाई वहीं अब गड्ढे में बरसात का पानी भी भर गया। इससे मरम्मत में बाधा आई है। खोदाई कार्य की वजह से कंपनीबाग जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### बोले लोग

सड़कों को ऐसे समय पाइप लाइन डालने के लिए खोदा गया जब मानसून आने वाला था। अब बारिश शुरू हो गई है तो हादसे बढ़ेंगें, क्योंकि सड़कें मोटरेबल भी नहीं हो पायी हैं। अब बनेंगी तो भी धंसेंगी।
– अवधेश त्रिवेदी, शारदा नगर



जल निगम को पाइप लाइन डालने के साथ ही सड़कें बनाना भी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। जब सड़कों पर पानी भरेगा तो वाहन फंसेंगे और हादसे भी होंगे। मौका है सड़कें जल्द बनें।
– सत्य प्रकाश जायसवाल, व्यापारी नेता



पेयजल पाइप लाइन डालने में जबरदस्त लापरवाही हो रही है। बहुत ही धीमा काम हो रहा है। पाइप लाइन डालने के साथ ही सड़क बनाने का काम होना चाहिए जो कि नहीं हो रहा है।
– अजय सिंह, व्यापारी नेता सर्वोदय नगर



नगर निगम, जल निगम, पीडब्ल्यूडी में समन्वय होना चाहिए। सड़कें बन जातीं हैं फिर खोद दी जाती हैं। हालत यह है कि शहर के कई इलाकों की प्रमुख सड़कें खोद दी गई हैं और बनी नहीं हैं।
– राजीव पांडेय, व्यापारी




**कहां है सड़क?** गुजैनी ए ब्लाक में कुछ दिन पहले सीवर लाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई थी। अब इसकी हालत देख लीजिए, पैदल चलना भी दूभर है।

### हर महीने करोड़ों रुपये भाड़ा देते व्यापारी, सुविधाएं शून्य, बारिश में रैक से माल उतारना और लादना है टेढ़ी-खीर

## सीपीसी गोदाम में भरा पानी, बर्बाद हो रही सीमेंट

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** बरसात में कोपरगंज स्थित सीपीसी रेलवे गोदाम बारिश के बाद तालाब जैसा दिखाई दे रहा है। इस तालाबनुमा गोदाम में ट्रक जलभराव में फंसते हैं। रविवार को अमृत विचार की टीम सीपीसी रेलवे गोदाम पहुंची तो गोदाम के अंदर जलभराव में ट्रक व अन्य वाहन खड़े थे जिनपर सीमेंट की बोरियां लादी जा रही थीं। बारिश में कई जगह टिनशेड में छेद दिखाई दिये जिससे टपक रहे पानी के कारण सीमेंट की बोरियां बर्बाद होती दिखाई दीं। उत्तर मध्य जोन का ये रेलवे गोदाम रेलवे को करोड़ों रुपये भाड़े के रूप में देता है लेकिन गोदाम में व्यापारियों को सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। व्यापारियों का आरोप है कि एक वर्ष पूर्व सीपीसी रेलवे गोदाम के गेट नंबर 1 के सामने सड़क का निर्माण किया गया था जो एक वर्ष में खत्म हो गई। सीपीसी रेलवे गोदाम का पिछले वर्ष ही 25 करोड़ रुपये का टेंडर हुआ है जिसका कार्य चल रहा है। लेकिन गोदाम के अंदर जलभराव के लिए ठेकेदार द्वारा ड्रेनेज सिस्टम नहीं बनाने का नतीजा है कि व्यापारियों को करोड़ों रुपये की चपत लग रही है।


सीपीसी गोदाम में जलभराव। अमृत विचार

### हर महीने 70 रैक, भाड़ा प्रति 50 लाख रुपये

- सीपीसी रेलवे गोदाम में हर महीने लगभग 70 मालगाड़ी की रैक माल लेकर आती है और प्रत्येक रैक का भाड़ा लगभग 50 लाख रुपए व्यापारी देते हैं लेकिन उसके बाद भी गोदाम का बुरा हाल है। गोदाम के अंदर व्यापारियों के लिए पानी की व्यवस्था या बैठने की व्यवस्था तक नहीं है। सीपीसी रेलवे गोदाम में मालगाड़ी से माल उतारने एवं माल लादने की समय सीमा तय है, यदि उससे ज्यादा समय लगता है तो अलग से एक तरह से समझिये व्यापारियों को जुर्माना देना होता है।


पानी से खराब हो रही सीमेंट।

सीपीसी रेलवे गोदाम में चल रहे निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण होता रहता है, गोदा में अभी कार्य चल रहा है जो भी समस्याएं हैं, उन्हें दूर किया जाएगा।
शशिकांत त्रिपाठी, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर मध्य जोन

# 50 घरों में चार दिन से अंधेरा, अधिकारी सुनते नहीं

## सबस्टेशन में जा-जाकर थक गए हैं सैकड़ों लोग, नहीं सुन रहे बात, किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र के जूही कलां का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र के जूही कलां के 50 घरों में बिजली चार दिनों से नहीं है। केस्को अधिकारी उपभोक्ताओं का फोन नहीं उठा रहे हैं, जिसकी वजह से लोग परेशान हैं। शहर में 50 से अधिक क्षेत्रों में भी बिजली का संकट रहा।

बारिश से कई क्षेत्रों में बिजली व्यवधान बार-बार हो रहा है। ट्रिपिंग की समस्या बढ़ गई है। गुरुवार से लेकर रविवार तक जूही कलां क्षेत्र के 50 घरों में बिजली नहीं है। लोगों ने सबस्टेशन में जा-जाकर शिकायत की और केस्को अधिकारियों को कॉल की, लेकिन अधिकारियों ने कॉल तक रिसीव नहीं की। बता दें कि जूही लाल कॉलोनी में गुरुवार को पेड़ गिर गया था और साथ में बिजली का पोल व तार भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। केस्को ने पोल तो ठीक कर लगा दिया, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी घरों में बिजली सप्लाई शुरू नहीं की। इससे लोग परेशान हैं। केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन के मुताबिक ऐसा संभव नहीं है। हां, बीच-बीच में बिजली जरूर आ व जा रही है। बारिश के कारण समस्या हो सकती है। अगर ऐसा है तो संबंधित सबस्टेशन से जानकारी कर अभियंता से पूछताछ की जाएगी।





बिजली मरम्मत का कार्य करते केस्को कर्मी। सोटे वाले बाबा मंदिर के पास साइट नंबर एक में टूटा पड़ा बिजली का खंभा।

- पेड़ गिरने से टूटे थे तार और पोल, तबसे घरों में नहीं आ रही है बिजली

### बोले लोग



जूही कला क्षेत्र में गुरुवार से बिजली नहीं है, जिसकी वजह से सैकड़ों लोग परेशान हैं। बिजली न आने की वजह से लोगों में गुस्सा व चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है।
– अनिल कुमा



बिजली नहीं आने पर जब केस्को अधिकारियों व टोल फ्री नंबर पर संपर्क किया जा रहा है तो सामने से कोई उत्तर नहीं मिल रहा है और न ही अधिकारी कॉल रिसीव कर रहे हैं।
–महेश

## बिजली न आने पर अभद्र कमेंट किया, एफआईआर

**कानपुर।** बिजली न आने पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने पर केस्को के अधिशासी अभियंता सर्वेश पांडेय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। अधिशासी अभियंता की तहरीर के अनुसार 13 जून को केस्को के फेसबुक पेज पर एडवोकेट अंकुर शर्मा नाम की फेसबुक आईडी से ऊर्जा मंत्री व केस्को के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए पोस्ट किया गया। चोर केस्को कानपुर न फोन उठाते हैं और न अपनी आदत से बाज आ रहे हैं। अंधाधुध बिजली कटौती से लोग बेहाल हो रहे हैं। सारे जनप्रतिनिधियों के वादे हुए झूठे साबित हो रहे हैं, सब बेहाल हैं। केस्को मुर्दाबाद, ऊर्जा मंत्री मुर्दाबाद। वहीं प्रवीण शुक्ला की फेसबुक आईडी से पोस्ट किया कि ऊर्जा मंत्री अगर आप जिंदा हो, आपकी आत्मा आपके शरीर में हो तो कानपुर की जनता का दुख देखो। इस टिप्पणी को बिजली विभाग ने गंभीरता से लिया और ग्वालटोली थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि टिप्पणी पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

## केस्को मुख्यालय पर खटिया डालो आंदोलन करेगी कांग्रेस

**कानपुर।** अघोषित बिजली कटौती के विरोध में केस्को मुख्यालय के सामने कांग्रेस ने खटिया डालो प्रदर्शन करने की घोषणा की है। रविवार को नगर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की कल्याणपुर विधानसभा में संगठन सृजन बैठक हुई जिसमें बिजली कटौती का मुद्दा छाया रहा। जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने कहा कि केस्को प्रबंध निदेशक सैम्युअल पॉल एन. को पिछले माह नगर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने ज्ञापन सौंपा था लेकिन केस्को के रवैय्ये में कोई सुधार नहीं हुआ है। अब केस्को मुख्यालय पर कांग्रेस खटिया डालकर विरोध प्रदर्शन करेगी। विजय मिश्रा राजीव द्विवेदी, नरेंद्र चंचल कुशवाहा, शक्ति पांडेय, तूफैल अहमद, भूपेंद्र सिंह चंदेल, राजू शाह, विवेक श्रीवास्तव थे।



अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी का समारोह हुआ। अमृत विचार

# पंचायत-विस. चुनाव लड़ेगा वैश्य समाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिला पंचायत चुनावों में भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही 2027 विधानसभा चुनाव में वैश्य समाज के लोगों ने प्रत्याशी उतारने की घोषणा की है।

रविवार को अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी द्वारा मीनाक्षी पैलेस, संजीव नगर-2 में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका संचालन कृष्णावतार अग्रहरि ने किया। इस अवसर पर समाज सेवा, शिक्षा, व्यापार, धर्म एवं सामाजिक एकता के क्षेत्रों में योगदान देने वाले वैश्य समाज के वरिष्ठजनों एवं मातृशक्तियों को सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि भारत में वैश्य समाज लगभग 33% है, लेकिन विभाजित उपवर्गों के चलते इसे राजनीतिक रूप से केवल 3% माना जाता है। पार्टी ने आगामी जिला पंचायत चुनावों में भागीदारी तथा 2027 विधानसभा चुनावों में अपने प्रत्याशी उतारने की घोषणा की है। कार्यक्रम में विशाल गुप्ता, सिद्धार्थ काशीवार राष्ट्रीय अध्यक्ष वैश्य महासंगठन, वैश्य संजय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य महा परिषद, आनंद वर्मा, संजय गुप्ता, अमित गुप्ता,, सीमा अग्रहरि, अनुराधा गुप्ता थीं।

# ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने जीते पदक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय बधिर सीनियर स्पोर्ट्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शहर के खिलाड़ियों ने सिल्वर और ब्रॉन्ज सहित पांच मेडल जीते। नवाबगंज वीएसएसडी कालेज मल्टीपल हॉल में प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रेरणा स्पेशल स्कूल के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को निर्णायकों ने सराहा।

अखिल भारतीय बधिर खेल परिषद (एसएआई) नई दिल्ली और अंतरराष्ट्रीय बधिर खेल संस्था की ओर से चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। जिसके तहत 10वीं राष्ट्रीय बधिर व 27वीं राष्ट्रीय बधिर सीनियर स्पोर्ट्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप वीएसएसडी कालेज के मल्टीपल हॉल में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में यूपी टीम ने पांच पदक जीते। जिसमें शहर के खिलाड़ियों ने खाते में दो सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मिलाकर चार पदक आए।

कानपुर प्रेरणा स्पेशल स्कूल कैंटोमेंट बोर्ड के खिलाड़ी, जो कैंटोनमेंट बोर्ड स्कूल के खेल प्रशिक्षक सत्येंद्र सिंह यादव से तैयारी कर रहे थे उनके नेतृत्व में कृष्ण अग्रवाल व युवराज चौरसिया ने सिल्वर, अरमान व सृष्टि गुप्ता ने ब्रॉन्ज पदक जीता। कैंटोनमेंट बोर्ड के मुख्य अधिशाषी अधिकारी स्टीफन, अभिषेक बिंद, लखन लाल ओमर, वंदना सिन्हा, डॉ. शिखा अग्रवाल, राजीव महाना, संरक्षक प्रकाश शर्मा, कानपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के दीपक चौरसिया, दिनेश दीक्षित, अविनाश चंद्र द्विवेदी आदि रहे।




मेडल के साथ विजयी खिलाड़ी। अमृत विचार

- राष्ट्रीय बधिर सीनियर स्पोर्ट्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप

# पेंशनधारियों को सुविधाएं चाहिए, की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सुप्रीमकोर्ट के आदेशानुसार 7500 रुपये डीए के साथ पेंशन, आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क चिकित्सा सुविधा पेंशनधारियों को उपलब्ध कराने की मांग करते हुए रावतपुर बस अड्डे पर नारेबाजी की गई।

रविवार को आल इंडिया ई पी एस 95 संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश कानपुर मंडल की संगठन के आठवीं वर्षगांठ के स्थापना दिवस के अवसर पर मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार यादव की अध्यक्षता में मंडल के समस्त जिलों के पदाधिकारियों सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के ईपीएस 95 पेंशनर्स की बैठक हुई। प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी ने कहा सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार हायर पेंशन का लाभ बिना भेदभाव के सभी को मिले। इस योजना में जो शामिल नहीं हैं उन्हें शामिल करते हुए रुपया 5000 प्रतिमाह दिया जाए। राष्ट्रीय सलाहकार राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि मांग मंजूर होने तक संघर्ष करेंगे और अपना हक लेकर रहेंगे।

आल इंडिया ई पी एफ स्टाफ फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश कुमार शुक्ला, जी पी पाठक, महिला विंग की मंडल अध्यक्ष सुधा निगम, जय रूप सिंह परिहार, सुधीर मिश्रा, रामदयाल शर्मा, जय सिंह सचान आदि ने विचार रखे।

- 7500 रुपये डीए के साथ मुफ्त चिकित्सा मांगी
- रावतपुर बस अड्डे पर की गई नारेबाजी

## विशेषज्ञों ने वी3 पर की चर्चा

**कानपुर।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान कानपुर चैप्टर की ओर से गुमटी प्लाजा स्थित कार्यालय में कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में 'नेविगेटिंग एमसीए वी3 ट्रांजिशन एक्सपेंडिंग होराइजन और लेवरेजिंग ऑपच्युरुनिटीज' विषय पर विशेषज्ञों ने राय रखी। कार्यशाला के मुख्य वक्ता सीएस गोपेश साहू रहे। सीएस रीना झकोड़िआ, चेयरपर्सन पीसीएस उप समिति भारतीय कंपनी सचिव संस्थान, कानपुर चैप्टर ने बताया कि एमसीए (कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय) का वी2 पोर्टल से वी3 पोर्टल में स्थानांतरण एक महत्वपूर्ण बदलाव है। जो कंपनियों और अन्य हितधारकों के लिए ऑनलाइन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए किया गया है। सीएस ईशा कपूर ने बताया कि वी3 पोर्टल एक नया, आधुनिक और उपयोगकर्ता इंटरफेस प्रदान करता है।

## सार-संक्षेप



बैठक में मौजूद बसपा नेता। अमृत विचार

### बसपा के सेक्टर व बूथ गठन की हुई समीक्षा

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित बसपा मंडल कार्यालय में रविवार को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के बीच बैठक हुई, जिसमे मंडल प्रभारी अनिल पाल व रामनारायण निषाद ने सेक्टर व बूथ के गठन की समीक्षा की। विधानसभा के आए हुए पदाधिकारी को सेक्टर व बूथ कमेटी को रिव्यू करने के निर्देश दिए। इस दौरान मंडल प्रभारी रामशंकर कुरील, जिला प्रभारी रमेश कमल, जिलाध्यक्ष कुलदीप गौतम, जिला संयोजक हरि नारायण कुशवाहा, छत्रपाल गौतम, देवेंद्र कुशवाहा, बबलू चौधरी, सुरेंद्र संखवार व राहुल चंद्र समेत आदि रहे।



योगा स्टूडियो में योग किया गया। अमृत विचार

### योग से शरीर रहता स्वस्थ, त्वचा भी निखरती

**कानपुर।** पांडु नगर के एस टू ब्लॉक स्थित बैलेंस योगा स्टूडियो में अंतर्राष्ट्रीय दिवस का आयोजन किया गया। यहां पर लोगों को योगाभ्यास कराकर उसकी जानकारी दी गई। योग गुरु बासु चौहान ने बताया कि योग संस्कृत शब्द के युज शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है जुड़ना। आज हर इंसान किसी न किसी तनाव से गुजर रहा है। भारतीय संस्कृति द्वारा विकसित योग दर्शन से तनाव मुक्त जीवन को जिया जा सकता है। नियमित रूप से योग करने से शरीर स्वस्थ व निरोगी रहता है और त्वचा निखरती है। इस दौरान अक्षिता सेवानी, टीना अरोणा, ज्योति तिवारी, आशा शुक्ला, अंजलि, मनीषा बाजपेई, हरमीत, राधिका आदि रहीं।

### प्रशिक्षण के लिए एमओयू

**कानपुर।** यदुपति सिंघानिया सेंटर फॉर टेक्नीशियन ट्रेनिंग प्रा. लि. और शुभम गोल्डी मसाले प्रा. लि. के बीच एमओयू हुआ। यह एमओयू इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में डुअल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग के लिए हुआ है। बताया गया कि डुअल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग योजना, अगस्त 2016 में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य प्रशिक्षुओं को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह योजना सिद्धांत आधारित प्रशिक्षण और व्यावहारिक औद्योगिक प्रशिक्षण (इंडस्ट्री में) का समावेश करती है। इसका मुख्य उद्देश्य उद्योगों को प्रशिक्षित और कुशल जनशक्ति उपलब्ध कराना है।



पद्म भूषण कमलेश डी पटेल शहर आए। अमृत विचार

### साधकों को ध्यान कराया

**कानपुर।** वैश्विक आध्यात्मिक संस्था श्री रामचंद्र मिशन, हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के मार्गदर्शक पदम् भूषण कमलेश डी पटेल 'दाजी' ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भवानीपुर (मंधना) एनएलके अकादमी के पीछे स्थित संस्था के स्थानीय ध्यान केंद्र में साधकों को ध्यान कराया। सुबह 7 बजे केंद्र पर लगभग 2500 से अधिक श्रद्धालुओं को ध्यान कराया। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यासियों/अनुयायियों के आचरण में बाहरी के साथ साथ आंतरिक सकारात्मक परिवर्तन दिखना चाहिए।



पनकी शताब्दी नगर में जरूरतमंदों को सामग्री बांटी। अमृत विचार

### झुग्गी बस्ती के पीड़ितों को कपड़े बांटे

**कानपुर।** पनकी शताब्दी नगर में कई झुग्गी झोपड़ियां अग्निकांड में जलकर राख हो गईं थीं। यहां के पीड़ितों को जीवन संकल्प सेवा लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा कपड़े व खाने पीने की सामग्री का वितरण किया गया। संस्था अध्यक्ष रोहित मिश्रा, शिवानी दीक्षित, आयुष कश्यप, दीपिका तिवारी, दिव्यांशी दीक्षित, अलका जैन, हिमांशु थे।

# विवि में बैचलर ऑफ डिजाइन कोर्स में प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में बैचलर ऑफ डिजाइन कोर्स में प्रवेश शुरू हो गए हैं। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलजी के डिजाइन विभाग में प्रवेश के लिए आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। कोर्स के तहत इंटीरियर डिजाइन, प्रोडक्ट डिजाइन और यूएक्स, यूआई डिजाइन में पढ़ाई कराई जाएगी। यह कोर्स 4 वर्ष का होगा।

विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि बी.डेस कार्यक्रम तीन विशिष्ट क्षेत्रों में विशेषज्ञता युवाओं को प्रदान करता है। इनमें इंटीरियर डिजाइन के जरिए स्थानों को सुंदर, कार्यात्मक और रहने योग्य बनाने की कला सिखाया जाएगा। इसी तरह प्रोडक्ट डिजाइन के माध्यम से दैनिक जीवन को बेहतर बनाने वाले नए और उपयोगी उत्पादों की कल्पना करने और उन्हें वास्तविकता में बदलना सिखाया जाएगा। उधर यूएक्स व यूआई डिजाइन के जरिए डिजिटल उत्पादों और सेवाओं के उपयोगकर्ता अनुभव को सहज और आकर्षक बनाना सिखाया जाएगा। कोर्स को करने के लिए किसी भी स्ट्रीम (विज्ञान, वाणिज्य या कला) से 10+2 परीक्षा में न्यूनतम 40 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण छात्र इस कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# ईरान-फिलिस्तीन के लिए दुआ, अमेरिका को कोसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बेकनगंज स्थित हजरत दादा मियां के दो दिवसीय उर्स मुबारक के दूसरे व अंतिम दिन रविवार को कुलशरीफ में अमेरिका को इंसानियत का दुश्मन बताते हुए ईरान पर किए गये अमेरिकी हमले की निंदा की गई। ईरान के साथ ही फिलिस्तीन के हक में दुआ की गई और अपने मुल्क में अमन की दुआ हुई।

रविवार को दादा मियां चौराहा पर झमाझम बारिश के बीच अपने निर्धारित समय से 15 मिनट लेट 11.15 बजे कुलशरीफ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। खानकाह के सज्जादानशीन सैयद अबुल बरकात नजमी ने आरोप लगाया कि इंसानियत के सबसे बड़े कातिल अमेरिका के इशारे पर इजराइल ने मजलूम गाजा पर बमबारी करके उसे खंडहर बना दिया। गाजा में राहत सामग्री पर भी इजराइल हमले कर रहा। सज्जादानशीन ने अमेरिका द्वारा ईरान पर किये गये हमले की निंदा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया देख रही है कि कौन जालिम है और कौन मजलूम? भारत को अपना रुख साफ करना चाहिए। हिंदुस्तान में हर तरफ हिंदू और मुसलमान के दरमियान नफरतों के बीज बोए जा रहे हैं। हमारे बुजुर्गों, उलेमा ने अपने हिंदू भाइयों के साथ मिलकर मुल्क को आजाद कराने के लिए अंग्रेजों की हुकूमत के खिलाफ जेहाद किया। उलेमा ने हंसते हुए फांसी के फंदे को चूमा और अपनी माल-ओ-दौलत अपने वतन हिंदुस्तान के लिए कुर्बान कर दिया। हिंदू मुस्लिम, सिख ईसाई मिलकर देश को आगे बढ़ाएं।

कुलशरीफ में उलेमा ने कुरआन की तिलावत की। संचालन मौलाना मीकाइल जियाई ने किया। दादा मियां मस्जिद के इमाम सैयद मोहम्मद आतिफ ने दुआ कराई। इस दौरान सरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में फोर्स मौजूद रही।

- हजरत दादा मियां के कुलशरीफ में उमड़ी भीड़
- कहा, भारत को अपना रुख साफ करना चाहिए



हजरत दादा मियां के कुलशरीफ में दुआ की गई। अमृत विचार

**आमने-सामने** युवा मोर्चा मंडल महामंत्री ने पनकी मंडल प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप

# डीएम-सीएमओ के बाद भाजपा नेताओं में जंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डीएम और सीएमओ के विवाद के बाद अब भाजपा के दो पदाधिकारी आमने-सामने आ गए हैं। युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री ने पनकी मंडल के प्रभारी पर धमकाने, जातिसूचक गालियां देने और सामाजिक छवि को धूमिल करने संबंधी गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आकर न्याय की गुहार लगाई है। युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री ने कहा कि यदि मुझे परेशान किया गया तो मुख्यमंत्री के जनता दरबार में जाकर मामले की जानकारी दूंगा। सोशल मीडिया पर मामला प्रचलित होने के बाद उत्तर जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने रविवार को तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाकर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है।

भाजपा पनकी मंडल के प्रभारी अभिनव दीक्षित हैं। वहीं, युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री अमन सोनकर हैं। दोनों के बीच सोशल मीडिया पर विवाद वायरल है। अमन सोनकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर आरोप लगाया है कि पनकी मंडल के प्रभारी अभिनव दीक्षित उन्हें पार्टी के कार्यक्रमों में जातिसूचक गालियां देते हैं। एक मिठाई वितरण कार्य में अभिनव दीक्षित ने उन्हें जातिसूचक गाली देते हुये मिठाई न बांटने की बात कही, उन्होंने कहा कि मंडल प्रभारी पार्टी में लगातार अपमान कर रहे हैं। उन्होंने इसके साथ ही कई और गंभीर आरोप लगाए हैं। अमन सोनकर ने कहा कि यदि उनके साथ कोई घटना घटती है तो उसका जिम्मेदार अभिनव होगा।



युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री अमन सोनकर



पनकी मंडल के प्रभारी अभिनव दीक्षित।

- जिला अध्यक्ष ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

"मामला संज्ञान में है। विवाद को लेकर जिला महामंत्री अवधेश सोनकर, जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह व युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवांग मिश्रा सहित तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है। जो एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट मुझे देगी। जांच के बाद उचित कार्रवाई होगी। हमारी पार्टी में सभी का समान स्थान है।
– अनिल दीक्षित, उत्तर जिला अध्यक्ष, भाजपा

वह (अमन) छोटा भाई है। संगठन का विस्तार चल रहा है। मामले में कुछ सच्चाई नहीं है। जिलाध्यक्ष ने कमेटी बना दी है, सब सामने आ जाएगा। अगर वह सोशल मीडिया पर आया है तो तथ्यपूर्ण बात करें। हम तो संगठन के सिपाही हैं। ऐसे वर्ग से आते हैं जहां कंपटीशन ज्यादा है। उसका इस्तेमाल किया जा रहा है।
– अभिनव दीक्षित, पनकी मंडल के प्रभारी, भाजपा"

# आरटीओ ने 26644 लर्निंग लाइसेंस बनाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा 1 जनवरी, 2025 से 10 जून, 2025 के मध्य लर्निंग लाइसेंस के आवेदनों की गहन समीक्षा की गई।

इस अवधि में पूरे उत्तर प्रदेश के आरटीओ आफिस में 10,14,239 आवेदन लर्निंग लाइसेंस के प्राप्त हुए जिनमें से 10,11,961 आवेदनों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया है। वर्तमान में केवल 2,278 आवेदन (0.22%) ही लंबित हैं। इस दौरान कानपुर आरटीओ ने 26644 लर्निंग लाइसेंस बनाकर रिकार्ड बनाया है। कानपुर में एक भी आवेदन लंबित नहीं है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर नगर में 24,644 आवेदनों में शून्य लंबित हैं।

इसी प्रकार, मथुरा में 18,302 आवेदनों का पूर्ण निस्तारण हुआ है। इसके अलावा, फर्रुखाबाद, बांदा, झांसी और कन्नौज जैसे जिलों में भी लंबित आवेदन शून्य रहे, जो अत्यंत सराहनीय है हालांकि, कुछ जिलों में सुधार की आवश्यकता है।

प्रतापगढ़ में लंबित आवेदन दर 1.68% (298 लंबित आवेदन), फतेहपुर में 1.39% (130 लंबित आवेदन), और गाजीपुर में 1.19% (185 लंबित आवेदन) रही। विभाग ने इन जिलों में सुधारात्मक कार्यवाही के लिए विशेष निगरानी और साप्ताहिक समीक्षा प्रणाली लागू की है।

- कानपुर में कोई लर्निंग लाइसेंस प्रतीक्षा सूची में नहीं

**आज का मौसम**
तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।
32.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:05

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## एक नजर

### बिजली गिरने से घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जले

**घाटमपुर।** क्षेत्र के परास गांव में भीषण बारिश के चलते अचानक बिजली के पोल पर आकाशीय बिजली गिर जाने से गांव में लोगों के पंखे, टीवी, इनवर्टर आदि उपकरण घरेलू सामान फुंक गए। आकाशीय बिजली गिरते ही लोगों के घर के बल्ब अचानक जल उठे।

### कानपुर विवि के छात्र नेता को दी श्रद्धांजलि

**कानपुर।** कानपुर विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह पिंकू यादव की पुण्य तिथि पर परमट में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कलाकारों ने भजन सुनाए। भंडारे का भी आयोजन किया गया। महापौर प्रमिला पांडेय, पूर्व पार्षद कीर्ति अग्निहोत्री, परमट व्यापार मंडल अध्यक्ष राम सिंह यादव, पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक अमिताभ बाजपेई, पूर्व विधायक सतीश निगम, कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा, जिला परिषद सदस्य अरुण पाठक, दीपू पाण्डे, भाजपा नेता सुरेश अवस्थी, पप्पू यादव सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां मौजूद रहीं।

### शौच को गई किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

**बिल्हौर।** अरौल थाना क्षेत्र के बकोठी गांव में शनिवार की शाम एक युवक ने 13 वर्षीय बच्ची को अपना शिकार बना लिया। बच्ची ने जब, घटना परिजनों को बतायी तो परिजनों को जानकारी हुई। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पीड़ित परिजनों ने तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार को उनकी किशोरी पुत्री शाम को शौच के लिये मक्का के खेत में गई थी। तभी पहले से घात लगाये बैठे युवक ने उसे दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी युवक धर्मवीर पुत्र सुरेश कुमार को गिरफ्तार कर पॉक्सो अधिनियम के तहत गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# चोरों ने आधा दर्जन पंपिंग सेट से उड़ाये पुर्जे

## बिल्हौर क्षेत्र में चोरी की घटनाओं से फैली दहशत, पीड़ितों ने दी तहरीर


पंपिंग सेट से हुई चोरी के बाद इंजन देखते पीड़ित। अमृत विचार


भाजपा नेता के घर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी होने से स्थानीय निवासियों में भय का माहौल व्याप्त है। नानामऊ तिराहे के पास नसीरपुर गांव में किसानों के आधा दर्जन पंपिंग सेट से कीमती पुर्जे चोरी हो गए। किसानों का आरोप है कि एक संगठित गिरोह खेतों को निशाना बना रहा है और हमारे खेत में रखे इंजनों से कीमती पुर्जे चोरी कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

खजूरी गांव के निवासी कल्लू, चांद बाबू, राजू, सानू, और रईस सहित अन्य किसानों ने बताया कि 21 जून की रात चोरों ने उनके खेतों में लगे पंपिंग सेट से इंजनों के महत्वपूर्ण पुर्जे चुरा लिए। किसानों ने बिल्हौर कोतवाली में इसकी सूचना दी है। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पर पहुंची और जांच पड़ताल करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ पीड़ित लोगों ने पुलिस को तहरीर दी है। क्षेत्र में लगातार हो रही इन चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### भाजपा नेता के घर से लाखों की चोरी

● **बिल्हौर।** कस्बे में भाजपा नेता विक्रम मिश्रा के घर भी 20 जून की रात लाखों रुपये की नकदी और जेवरात चोरी होने की घटना सामने आई है। विक्रम मिश्रा का परिवार असम के दार्जिलिंग में छुट्टियां मनाने गया था। 22 जून की शाम जब उनके ड्राइवर ने किसी काम से घर का दरवाज़ा खोला, तो देखा कि अलमारी और कमरों के ताले टूटे हुए थे। ड्राइवर ने तुरंत विक्रम मिश्रा को सूचना दी। हालांकि अभी चोरी हुए सामान का सही अनुमान नहीं लग पाया है, लेकिन बताया जा रहा है कि लाखों रुपये की नकदी के साथ लाखों रुपये जेवरात भी घर में रखे थे। विक्रम मिश्रा के लौटने के बाद ही नुकसान का सही आकलन हो पाएगा। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में डर व्याप्त है और पुलिस की निष्क्रियता को लेकर क्षेत्रीय जनता में रोष पनप रहा है।

> घटनाओं के खुलासे के लिए लगातार पुलिस टीमों को दबिश पर भेजा जा रहा है। रात्रि चौकशी बढ़ाने के लिए सभी बीट प्रभारियों को निर्देश दिए गए है
> **-अशोक सरोज (बिल्हौर प्रभारी निरीक्षक)**

### बिल्हौर में पिछले दो माह की प्रमुख चोरी की घटनाएँ

- 19 जून, 2025 को बिरहाना गांव में किराना कारोबारी के यहां चोरी बिल्हौर के बिरहाना गांव में एक घर से लगभग 4-5 लाख रुपये की चोरी हुई। चोरों ने तब वारदात को अंजाम दिया जब घर के सदस्य छत पर सो रहे थे।
- बिल्हौर कोतवाली के माखनपुरवा गांव में चोरों ने एक साथ पांच घरों को निशाना बनाया और लाखों रुपये की चोरी की, जिसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका है।
- दो माह पूर्व बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के रहीमपुर गांव में महिलाओं को बंधक बनाकर लाखों रुपये की लूट हुई थी। हालांकि पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर आरोपियों को जेल भेज दिया है, लेकिन बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है।
- बीते मंगलवार को चंपतपुर गांव के परिषदीय विद्यालय में भी चोरी हुई, जिसमें चोरों ने ताला तोड़कर कार्यालय से कई कीमती वस्तुएं चुराईं। इस मामले का भी खुलासा अभी तक नहीं हो सका है।

## सार-संक्षेप



शुभम को श्रद्धांजलि देते परिजन व अन्य। अमृत विचार

### शुभम को दी श्रद्धांजलि, भंडारे में चखा प्रसाद

**कानपुर।** पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की बर्बरता पूर्वक की गई हत्या को दो माह पूरे हो गए हैं। इस घटना में श्याम नगर निवासी शुभम द्विवेदी की भी मौत हो गई। शुभम के निधन की द्विमासिक तिथि 22 जून को श्याम नगर स्थित आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। स्व .शुभम द्विवेदी के चाचा ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि सनातन धर्म में अन्न दान को श्रेष्ठ दान माना जाता है। इसलिए भंडारे में भोजन बनाकर लोगों को बांटा जाता है। धार्मिक दृष्टि से देखा जाए तो भंडारा करवाकर न केवल हम दूसरों को अन्न प्रदान करते हैं, बल्कि इससे हमें भी आत्मिक संतुष्टि मिलती है। अन्न का दान करने से हमारे पितृ भी प्रसन्न होते हैं और उनकी आत्मा को भी संतुष्टि प्राप्त होती है। श्रद्धांजलि सभा में शुभम द्विवेदी की पत्नी एशान्या व बहन आरती उनके पिता संजय द्विवेदी, रज्जन शुक्ला, राघवेन्द्र बजाज, सुरेश चन्द्र दुबे, रमेश चंद्र द्विवेदी,प्रणव नायक, विधानसभा अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री सुरेन्द्र अवस्थी, प्रवीन अवस्थी, अनुराग तिवारी,कमल तिवारी,रजत,प्रभात मिश्रा आदि उपस्थित रहे।


अधीक्षण अभियंता को सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

### अधीक्षण अभियंता को किया सम्मानित

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश मार्बल टाइल्स व्यापारी ट्रस्ट रजिस्टर्ड के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गौड़ ने उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड कानपुर के अधीक्षण अभियंता प्रभात बाजपेई को मोतियों की माला, दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिवांशु गुप्ता, पीयूष दाधीच आदि व्यापारी उपस्थित रहे।


पानी के लिये प्रदर्शन करते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

### पानी के लिए प्रदर्शन

**कानपुर।** जूही वार्ड 14 संत रविदास नगर में गंदा पानी आने से लोग परेशान हैं। नाराज लोगों ने मोहल्ले में गंदे पानी के साथ प्रदर्शन किया। लोगों ने जल निगम और नगर निगम के विरुद्ध नारेबाजी की और समस्या के समाधान की मांग की।


रोटरी क्लब के सदस्य चिकित्सकीय उपकरण भेंट करते हुए। अमृत विचार

### हॉस्पिटल में लगे शिविर में पहुंचे 208 लोग

**कानपुर।** रावतपुर गांव स्थित श्री रामलला आरोग्यधाम हॉस्पिटल में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे 208 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी आदि की जांचें की व दवा का वितरण किया गया। रोटरी क्लब ऑफ न्यू कानपुर ने दो व्हीलचेयर और दो स्ट्रेचर हॉस्पिटल को भेंट किया। श्री रामलला आरोग्यधाम हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. सौरभ सिंह ने चिकित्सकों, स्वयंसेवकों, सहयोगी संस्थाओं व रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. अवध दुबे, समाजसेविका व न्यास की सचिव नीतू सिंह, जिला गवर्नर 3110 नीरव निमिष अग्रवाल, आशुतोष, संगीता गुप्ता, निशांत वडेरा, छितिज अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, नवीन मोहिनी, सूरज जयसवाल, वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. पीएन शुक्ल, डॉ. केके त्रिपाठी, डॉ. एसके श्रीवास्तव, डॉ. प्रसून सचान, डॉ. जेके गुप्ता, डॉ. निमिषा सचान व डॉ. अशीष शुक्ल रहे।

# टिन शेड काटकर बेकरी स्टोर में हुई चोरी

संवाददाता घाटमपुर


सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ संदिग्ध व्यक्ति। अमृत विचार

● **सीसीटीवी में कैद हुई चोरी की घटना**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में बेकरी स्टोर की टिन शेड काटकर दुकान में घुसे चोरों ने गोलक में रखे 90 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकानदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की है। पुलिस जल्द घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है।

घाटमपुर नगर निवासी पप्पू ने रविवार दोपहर घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी कानपुर सागर हाईवे पर टीचर कॉलोनी वाली गली के पास बेकरी स्टोर है। देर रात बेकरी स्टोर में लगे टिन शेड को काटकर दुकान में घुसे चोरों ने गोलक में रखे 90 हजार रुपये की नकदी पार कर दी। सुबह जब वह दुकान पहुंचे तब उन्हें दुकान में चोरी होने की जानकारी हुई। दुकानदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है। उन्होंने डायल 112 पर फोन कर दुकान में चोरी होने की सूचना दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में चोरी की वारदात कैद हुई है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने दुकानदार से घटना की जानकारी जुटाई है। इसके बाद पुलिस सीसीटीवी में कैद चोर की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस जल्द चोरी का खुलासा करने का दावा कर रही है। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि सूचना मिली थी, घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। पीड़ित व्यापारी के द्वारा उप्र आदर्श व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष महेश वर्मा को फोन कर दुकान में चोरी होने की जानकारी दी गई। इसके बाद दुकान पहुंचे घाटमपुर व्यापार मंडल की टीम ने दुकानदार से घटना की जानकारी लेने के साथ पुलिस से चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही है।

# कलह के चलते महिला सहित दो ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **होम लोन की किस्त जमा करने को लेकर पति से हुआ था विवाद**

**अमृत विचार।** रायपुरवा में रेलवे कर्मी का पत्नी से होम लोन की किस्त को लेकर विवाद हुआ। नाराज पत्नी ने दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। सचेंडी में शराब के लती युवक ने पत्नी से झगड़कर आत्महत्या कर ली। शव फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया।

मूलरूप से बिहार के जलालपुर निवासी अमित राज शाहू रेलवे लोको में हेल्पर हैं। 24 वर्षीय पत्नी ज्योति कुमारी व 15 माह के बेटे अजय के साथ अनवरगंज स्थित तेजाब मिल में रहते हैं। अमित के अनुसार उनकी शादी 2022 में हुई थी। माता-पिता, भाई-बहन गांव में रहते हैं। अमित ने बताया कि पिता सुरेश ने गांव में मकान बनवाने के लिए होम लोन लोन पांच लाख रुपया लिया था। जिसके किस्त पिता और बड़े भाई संतोष दोनों नहीं जमा कर रहे हैं। इसलिए किस्त उसे जमा करनी पड़ती है। इस बात को लेकर पत्नी आएदिन कलह करती थी। शनिवार रात पत्नी ने फिर उसी बात को लेकर कलह की। विवाद बढ़ने पर वह कमरे में जा लेट गए। पत्नी ने गुस्से में बेटे को सुलाकर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह शव फंदे से लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। वहीं सचेंडी में शराब के लती युवक ने पत्नी से विवाद के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। भीमसेन निवासी 29 वर्षीय कौशिश का शराब पीने को लेकर पत्नी सपना से विवाद हुआ था। रात में सभी सो गए, इसी बीच कौशिश ने पंखे के कुंडे से चादर बांधकर फांसी लगा ली। सुबह पत्नी ने शव लटका देखा तो चीख-पुकार मच गई। कौशिश के दो बच्चे रौनक व लाडो हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फंदे से शव उतारकर जांच-पड़ताल की।



महंगाई के विरोध में प्रदर्शन करते सपा नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

## महंगाई के विरोध में सपा का प्रदर्शन

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर नगर ग्रामीण के कार्यकर्ताओं ने बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, मंहगी शिक्षा एवं बिगड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर नौबस्ता में मछरिया चौराहे पर प्रदर्शन किया। सपा नेता दिलीप प्रजापति एवं महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा सरकार इन सभी मुद्दों पर पूरी तरह फेल है। संजय त्रिपाठी, मनीष राजपूत, कपूर सविता, सोनू सोनकर, संजय प्रजापति, सोनू प्रजापति, अकील अहमद, सुलेमान, अनिल गुप्ता, शारूख अहमद, ओम प्रकाश प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, रामू प्रजापति, संतोष गौतम, महेशचन्द्र नागर, सर्वेश यादव, दीपक आदि रहे।

# योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का एक सरल और शक्तिशाली माध्यम

संवाददाता बिल्हौर

● **एकल अभियान ने ककवन में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**
● **ग्रामीणों ने योग करने के लिये बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा**

**अमृत विचार।** एकल अभियान ने कानपुर अंचल के ककवन के खरगपुर गांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर गांव के विद्यालय में योगाभ्यास किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अंकुर सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह हमारे शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ शरीर प्रदान करने के साथ-साथ दीर्घायु भी बनाता है। योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का एक सरल और शक्तिशाली माध्यम है। इस कार्यक्रम में मुख्य शिक्षकों द्वारा केंद्र से प्राप्त प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योग क्रियाएं कराई गईं। उपस्थित लोगों ने योगासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। शिक्षकों ने प्रत्येक क्रिया का सही तरीका समझाया, जिससे सभी प्रतिभागी आसानी से उनका पालन कर सकें।

इस कार्यक्रम में कानपुर चेप्टर की सदस्य डॉ. अंकुर सिंह, ग्राम प्रधान कमल नारायण मिश्रा, ग्राम प्रमुख प्रवेंद्र सिंह, संच प्रमुख दिशा सिंह और आचार्य शिखा सिंह सहित खरगपुर गांव के समस्त लोग उपस्थित रहे। एकल अभियान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने ग्रामीणों को योग के लाभों से अवगत कराया और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**उठाई मांग** — सेंटर का नाम पूर्व सांसद श्याम बिहारी मिश्र किए जाने की मांग

# कन्वेंशन सेंटर के नाम की मांग सीएम तक पहुंचेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


विधायक अभिजीत सिंह सांगा को ज्ञापन देते श्याम बिहारी स्मृति समिति के सदस्य।

● **समिति के सदस्यों ने जनप्रतिनिधियों से मिलकर जुटाया समर्थन**

**अमृत विचार।** श्याम बिहारी स्मृति समिति के सदस्यों ने रविवार को जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की और चुन्नीगंज में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बन रहे कन्वेंशन सेंटर का नाम पूर्व सांसद श्याम बिहारी मिश्र के नाम पर किए जाने का समर्थन जुटाया। जनप्रतिनिधियों ने सदस्यों की मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

अपनी मांग को लेकर समिति के सदस्य भाजपा विधायक नीलिमा कटियार व अभिजीत सिंह सांगा से मिले। इस दौरान उन्होंने कन्वेंशन सेंटर का नाम चार बार के भाजपा सांसद एवं व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे श्याम बिहारी मिश्रा के नाम पर रखे जाने का समर्थन जुटाया। समिति के सदस्यों ने बताया कि उनकी ओर से दिए गए निवेदन पत्र पर बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने समिति सदस्यों को आश्वासन दिया कि वे इस विषय को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाएंगे। समिति के प्रमुख सदस्यों को अपने साथ लेकर मुख्यमंत्री से मिल कर यह विषय रखेंगे। विधायक ने कहा कि श्याम बिहारी मिश्र पार्टी के संघर्ष काल के नेता रहे हैं। वह व्यापारियों के पूरे देश में सर्वमान्य लोकप्रिय नेता रहे हैं। विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि श्याम बिहारी मिश्र ने व्यापारियों के लिए बहुत संघर्ष किया, वह उनके लिए एक अभिभावक हैं। ज्ञापन देने वालों में रामदेव शुक्ला, सुनील बजाज, शैलेंद्र दीक्षित, कृपा शंकर त्रिवेदी, गुलशन जायसवाल, सौरभ त्रिवेदी सहित अन्य मौजूद रहे।

## नेवी जवान पर नशीला जूस पिलाकर दुष्कर्म का आरोप

**कानपुर।** काकादेव में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाली युवती ने नेवी जवान पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

एक युवती का आरोप है कि उसके बड़े भाई का दोस्त विजय सिंह उसके गांव का रहने वाला है और घर आता-जाता था। भाई के न रहने पर भी वह घर आने लगा और धीरे-धीरे उससे बात करने लगा। विजय ने उसका किसी तरह मोबाइल नंबर ले लिया और बात करने लगा। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने उसे मिलने के लिए घर के बाहर बुलाया। वह उससे मिलने गई तो रावतपुर के एक होटल ले गया। वहां नशीला जूस पिलाकर उससे दुष्कर्म किया। घर में शिकायत करने की बात पर उसने शादी का झांसा दिया। इसके बाद कई बार शारीरिक शोषण किया। उसके बाद जब उसने शादी की बात की तो वह टालता रहा। बीती पांच मार्च को जब उसने शादी का दबाव डाला तो मना करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस पर पीड़िता परिजनों के साथ रावतपुर थाने पहुंची और तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता के बयान दर्ज किए हैं।

## संगठित हिंदू समाज के निर्माण का लिया संकल्प

**घाटमपुर।** नगर में राजेश अवस्थी के नेतृत्व में हिन्दू संगठन की मासिक बैठक संपन्न हुई, जिसमें प्रांत से पीयूष और प्रांत कार्यकारिणी से गोपाल द्वारा जिला कार्यकारिणी के सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संघ शताब्दी के उपलक्ष्य में विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस और संगठित हिन्दू समाज निर्माण का संकल्प लिया गया। पीयूष के द्वारा पंच परिवर्तन विषय भी रखा गया जिसमें स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक समरसता पर पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करने को प्रेरित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से अंकिता त्रिवेदी, रंजना शर्मा, वंश गोपाल सोनकर, आशुतोष मिश्रा, कुलदीप पांडेय, संजीव सचान, विनीत शुक्ला, विनीत अवस्थी, विजय, जगदीश विश्वकर्मा, अवधेश शर्मा, अनिल शर्मा, कौशल किशोर आदि रहे।

शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in
Ph.D. Admission Notice
Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.
REGISTRAR

# सेंगुर नदी में डूबे तीन दोस्त, एक को बचाया

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** सेंगुर नदी में नहाने के दौरान तीन युवक डूबने लगे। ग्रामीणों ने एक युवक को बचा लिया। जबकि दो युवकों की शाम तक खोजबीन चलती रही। पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को बुलाया है। इस दौरान सूचना पर लोगों की खासी भीड़ मौके पर जमा हो गई।

डेरापुर तहसील क्षेत्र के फत्तेपुर गांव के पास सेंगुर नदी में रविवार को फत्तेपुर निवासी दीपक (27) व जरौली गांव निवासी रोहित (21) अपने अन्य दोस्तों के साथ नदी में नहा रहे थे। इसी दौरान तीन युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। जिसपर आसपास मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक को बचा लिया। जबकि दीपक व रोहित का कोई सुराग नहीं लग सका। इसपर लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर डेरापुर थाने की पुलिस पहुंची। इसके बाद पुलिस व ग्रामीण शाम तक खोजबीन करते रहे। डेरापुर थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। जिसके बाद सर्च ऑपरेशन तेज किया जाएगा। फिलहाल गांव में शोक का माहौल दिखा।



सेंगुर नदी में डूबे युवकों की तलाश करते लोग। अमृत विचार

- दो युवकों की तलाश जारी पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को बुलाया

### एसडीएम ने आक्रोशित लोगों को समझाकर कराया शांत

■ मंगलपुर। सेंगुर नदी में नहाते समय दो युवकों के डूबने की जानकारी पर डेरापुर एसडीएम भूमिका यादव मौके पर पहुंची। वहीं करीब डेढ़ घंटे देरी से खोजबीन शुरू करने पर लोगों में आक्रोश पनपने लगा। जिसपर एसडीएम ने उन्हें समझाकर शांत कराया। बाद में पहुंची एसडीआरएफ टीम ने सेंगुर में युवकों की तलाश शुरू की।



घटनास्थल पर मौजूद डेरापुर एसडीएम भूमिका यादव।

### डूबे युवक की 18 मई को हुई थी शादी

■ सेंगुर में डूबे दीपक के भाई सुमित ने बताया कि दीपक की करीब तीन साल पहले शादी हुई थी। उसके दो साल का बेटा अनमोल है। वह दूध के लोडर से परिवार का गुज़ारा करता था। जानकारी पर पत्नी अंकिता बेसुध हालत में है। वहीं दूसरे युवक के पिता विजय ने बताया कि पुत्र रोहित मजदूरी करता था और उसकी शादी इसी साल बीती 18 मई को हिमांशी से हुई है। वहीं मौके पर पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष बबलू राजा ने प्रशासन पर आरोप लगाए।

# पैर फिसलने से पानी भरे गड्ढे में डूबा किशोर, चली गई जान

संवाददाता रनियां

- दोस्तों के साथ खेलते समय हादसा, परिजनों में कोहराम

**अमृत विचार।** दोस्तों के साथ खेत रहा किशोर पैर फिसलने से पानी भरे गड्ढे में गिरकर डूब गया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उसे निकाला और मेडिकल कालेज ले गई। जहां ईएमओ ने किशोर को मृत घोषित कर दिया।

मूल रूप से जनपद हमीरपुर के भरुआ निवासी अनिल गुप्ता मौजूदा समय में रनियां कस्बा के वार्ड नंबर सात शिवाजी नगर में मकान बनाकर रहते हैं और प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। रविवार दोपहर अनिल का 15 वर्षीय पुत्र कृष्णवेंद्र अपने दोस्तों के साथ घर के बाहर खेलते-खेलते पास में पानी भरे गड्ढे के किनारे तक पहुंच गया। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गड्ढे में गिरकर डूब गया। पास में मौजूद चरवाहों व ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी पर मौके पर भीड़ जुट गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से किशोर को गड्ढे से बाहर निकाला और मेडिकल कालेज अकबरपुर ले गई। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने कृष्णवेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

मृतक के भाई राघवेंद्र ने बताया कि रविवार को छोटा भाई कृष्णवेंद्र घर से अकेला था और पिता ड्यूटी गए थे। जबकि वह अपने किसी साथी के गया था। मां की पूर्व में मौत हो चुकी है। रनियां थाना प्रभारी संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि डायल 112 पुलिस किशोर को गड्ढे से निकालकर अस्पताल ले गई थी। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। पंचनामा भरा गया है।



कृष्णवेंद्र।

# बारातशाला में बैठे युवक पर गिरी आकाशीय बिजली, चली गई जान

## डेरापुर तहसील क्षेत्र के किशौरा गांव का मामला, परिजनों में मच गया कोहराम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** आकाशीय बिजली का गिरना जारी है। किशौरा गांव में रविवार दोपहर बिजली गिरने से बारातशाला में बैठे युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व राजस्व टीम ने छानबीन की है।

डेरापुर तहसील क्षेत्र के किशौरा निवासी आकाश कुमार (28) को गांव की बारातशाल में बैठा था। इसी दौरान तेज बारिश बारिश होने लगी। जिसपर आसपास के कुछ ग्रामीण भी बारातशाला में रुककर बारिश रुकने का इंतजार करने लगे। इसी दौरान जोरदार धमाके के साथ आकाशीय बिजली गिरने से आकाश चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की पत्नी पूजा बदहवास हो गई। घटना की सूचना मिलते ही झींझक चौकी पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। राजस्व विभाग ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया है।



घटना के बाद लोगों की लगी भीड़। अमृत विचार



आकाश कुमार।

**मृतक की तीन महीने पहले हुई थी शादी :** मृतक के भाई महेश कुमार ने बताया कि करीब तीन महीने पहले ही आकाश की शादी सिकंदरा तहसील क्षेत्र के हथूमा गांव निवासी पूजा के साथ हुई थी। शादी के बाद खुशियों का माहौल था, लेकिन हादसे ने सब कुछ छीन लिया।


### तेज तो कहीं रिमझिम

**कानपुर देहात।** मानसून का आगमन होने के चलते रविवार को पूरे दिन जिले में बादल छाए। इस दौरान कुछ स्थानों पर जोरदार तो कई जगहों पर छिटपुट बारिश हुई। जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। बारिश के चलते जगह-जगह कीचड़ व जलभराव की स्थिति रही। रविवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26 .2 डिग्री रहा।

### तेज बारिश-बिजली से बचाव को एडवायजरी का करें अमल

मौसम विभाग ने पिछले दिनों गरज-चमक के साथ बारिश होने के चलते आकाशीय बिजली की चेतावनी जारी की थी। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में सावधानी न बरतने के कारण इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। एडीएम वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य ने बताया कि बारिश के दौरान बिजली से चलने वाले उपकरणों का प्लग निकाल दें और कच्चे मकान व जर्जर छत के नीचे शरण न लें। साथ ही ट्रांसफार्मर, विद्युत तार व पोल के समीप न खडें.हों। आकाशीय बिजली के समय सुरक्षित आश्रय लें और कंक्रीट की फर्श पर ना लेटे। आकाशीय विद्युत से होने वाली दुर्घटना से सुरक्षा, बचाव एवं पूर्व चेतावनी के लिए दामिनी एप का प्रयोग करें। आपदा की स्थिति पर आपदा टोल फ्री नंबर 1077 पर सूचित करें।

# 12 साल बाद कोतवाली से रिहा हुए राधा-कृष्ण



वादी को राधा-कृष्ण की मूर्तियां सौंपती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता, शिवली

- नौबस्ता गांव के मंदिर से चोरी हुई थीं अष्टधातु की मूर्तियां

**अमृत विचार।** करीब बारह साल पूर्व कोतवाली शिवली के गांव नौबस्ता के मंदिर से राधा-कृष्ण की अष्टधातु की बेशकीमती मूर्तियां चोरी हो गई थी। अब इन मूर्तियों को कोर्ट से चोरी की घटना में वादी ने रिलीज करा लिया है। मामले में दो आरोपी पहले ही दोष मुक्त हो चुके हैं।

पुलिस के मुताबिक वर्ष 2013 में शिवली कोतवाली क्षेत्र की भाऊपुर चौकी के नौबस्ता गांव के मंदिर से राधा-कृष्ण की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी हो गईं थी। घटना की रिपोर्ट कृष्णपाल सिंह ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई थी। पुलिस ने दो नामजद से करीब सोलह किलो वजनी अष्टधातु की मूर्तियां बरामद की थी। उस समय पुलिस ने डेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव के दो लोगों को पकड़ा था। तत्कालीन थाना प्रभारी रूपकृष्ण त्रिपाठी व जांच तत्कालीन भाऊपुर चौकी प्रभारी रणजीत सिंह ने की थी। कोर्ट में मसला होने के कारण कोतवाली शिवली में मूर्तियां रखी थी। रविवार को कोतवाली शिवली पुलिस ने मूर्तियों को वादी को रिलीज कर हैंडओवर कर दिया। शिवली कोतवाली प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मूर्तियों को रिलीज किया गया है।

## सार-संक्षेप



घटना पर जांच करती पुलिस व मौजूद लोगों की भीड़।

### तंत्र-मंत्र के फेर में शिवलिंग पर चढ़ाया खून

**रूरा।** थाना क्षेत्र के बचीत भरथू गांव के बाहर स्थित मंदिर में एक व्यक्ति ने शिवलिंग पर खून अर्पित किया। पुलिस ने प्रथमदृष्टया तंत्र-मंत्र के फेर में मामले की संभावना जताते हुए आरोपी की तलाश शुरू की है। बचीत भरथू गांव के बाहर एक पुराना शिव मंदिर है। जहां किसी व्यक्ति ने शिवलिंग पर खून चढ़ा दिया। रविवार की सुबह मंदिर में गए लोगों ने जब शिवलिंग पर खून देखा तो वहां भीड़ इकट्ठा हो गई है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर सीओ सदर संजय वर्मा, थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह, रजनीश वर्मा ने फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव निवासी एक युवक शनिवार दोपहर में किसी डॉक्टर के पास अपने हाथ में हुए घाव पर बैंडेज कराने गया था। जब डॉक्टर ने घाव के विषय में पूछा गया तो उसने बताया था कि एक यूनिट ब्लड उसने शंकर जी को चढ़ाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध धार्मिक भावनाओं को आहत करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी की तलाश के लिए टीम लगा दी गई है। शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि संभावना है कि युवक ने तंत्र-मंत्र के उद्देश्य से ऐसा किया है। फिलहाल शिवलिंग व मंदिर के गर्भगृह की साफ-सफाई करा दी गई है।



कैबिनेट मंत्री राकेश सचान को ज्ञापन देते शिक्षक संगठन के पदाधिकारी।

### शिक्षकों ने कैबिनेट मंत्री को दिया ज्ञापन

**कानपुर देहात।** रविवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ) का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष एलबी सिंह के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान से मिला। शिक्षकों ने परिषदीय विद्यालयों की पेयरिंग कर विद्यालयों का मर्जर प्रक्रिया अपनाते हुए उन्हें बंद किए जाने के निर्देश को वापस लेने के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कैबिनेट मंत्री को सौंपा। इस मौके पर देवेंद्र सिंह सचान, सुशील द्विवेदी, मनजीत सिंह सचान, मुकेश बाजपेई, आशीष राजपूत, अनिल कुमार सिंह, रामनरेश, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, दिनेश दीक्षित, मनीष अरोड़ा, ओम प्रकाश, रूपेंद्र सिंह, श्रीपाल बघेल, सतीश कटियार, शैलेंद्र सचान आदि मौजूद रहे।

### विद्युत खंभे में उतरे करंट से दो गोवंशों की मौत

**सिकंदरा।** कस्बा में तहसील के सामने शनिवार देर शाम मुगल रोड किनारे बिजली खंभे में करंट उतरने से दो गोवंशों की मौत हो गई। जानकारी पर विहिप के सह जिला मंत्री विवेक तिवारी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और लापरवाहों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार सुधीर यादव ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन विहिप के लोग देर रात तक अड़े रहे। लोगों ने बताया कि सिकंदरा कस्बा में सैकड़ों की संख्या में छुट्टा गोवंशों का झुंड घूमता हैं। जानकारी पर थाना प्रभारी हरिओम त्रिपाठी फोर्स के साथ पहुंचे। देर रात में एसडीएम शालिनी उत्तम ने फोन से विहिप के विकास तिवारी से बातचीत की। उन्होंने बताया कि लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

### जहर खाने से महिला गंभीर

**पुखरायां।** परिजनों से झगड़ने के बाद जहरीला पदार्थ खाने से एक महिला की हालत बिगड़ गई। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हारामऊ डेरा गांव निवासी बन्ने की पत्नी आशमा ने परिजनों से झगड़कर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए सीएचसी पुखरायां में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया।

### कार की टक्कर से रिटायर शिक्षक की मौत

**उरई।** हाईवे पर तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार वृद्ध शिक्षक की मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलट गई। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम जीपुरा निवासी सेवानिवृत्त वृद्ध शिक्षक शम्भू दयाल द्विवेदी 62 वर्ष पुत्र रामेश्वर दयाल बाइक से हदरुख जा रहे थे। तभी मड़ोरी श्रमदान के पास वह बाइक खड़ी करके सड़क किनारे लघुशंका करने लगे। इसी दौरान औरैया की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। उधर टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में जाकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही भतीजा पवन कुमार द्विवेदी व कृष्ण विहारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह ने बताया मृतक के भतीजे की शिकायत पर कार व चालक के खिलाफ मामला दर्जकर लिया है और कार्यवाही की जा रही है।

# करंट लगने से युवक की थम गईं सांसें

संवाददाता पुखरायां

- भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव का मामला

**अमृत विचार।** पिपरी गांव निवासी एक व्यक्ति करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी आनंद कुमार ने बताया कि उसका भाई प्रवीन कुमार (33) रविवार को करंट की चपेट में आ गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# जाफरपुर में दिनदहाड़े मिट्टी का अवैध खनन

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के जाफरपुर खटकर गांव में दिनदहाड़े जेसीबी से अवैध खनन कर प्लाटों की पुराई कई दिनों से की जा रही है। माफिया मिट्टी खोदकर ट्रैक्टरों से मिट्टी बेचने का काम धड़ल्ले से कर रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी बेखबर हैं।

सिकंदरा तहसील क्षेत्र में काफी समय से अवैध मिट्टी का काम जोरों पर है। सूत्रों की मानें तो जिम्मेदारों की शह पर दिन के समय जेसीबी से मिट्टी खुदाई कर ट्रैक्टर ट्राली से लोडकर नए मकानों के निर्माण कार्य और प्लांट की पुराई में इस्तेमाल की जा रही है। रविवार को जाफरपुर खटकर गांव में बेखौफ माफिया जेसीबी से अवैध खनन कर बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी की ढुलाई करते रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि माफिया बिना अनुमति लिए मिट्टी की दिनदहाड़े खुदाई करते हैं और वाहनों को लोडकर सड़कों पर दौड़ाते हैं। जिससे हादसे का डर रहता है। वहीं सड़क किनारे खेतों में मिट्टी जाने से फसल को नुकसान होता है। पूर्व में कई बार इस बावत शिकायत भी की गई, लेकिन अधिकारी कार्रवाई नहीं करते हैं। इस संबंध में एसडीएम सिकंदरा शालिनी उत्तम ने कहा कि जांच करा कर मिट्टी के अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।



जाफरपुर में मिट्टी का अवैध खनन करती जेसीबी। अमृत विचार

**जांची सेहत** | जिले की 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आरोग्य मेले लगे

# जुकाम-बुखार, पेट व त्वचा के पहुंचे मरीज

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच मानसूनी बारिश शुरू होने से मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। जिसके चलते लोग सर्दी-जुकाम, बुखार, पेट, त्वचा संबंधी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। रविवार को आरोग्य मेले में उक्त चार बीमारियों के पौने छह सौ से अधिक मरीज मेले में पहुंचे। जिनका चिकित्सकों ने परीक्षण कर दवा दी। वहीं अधिकारियों ने मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांचकर दिशा निर्देश दिए।

जनपद में बीती 19 जून को मानसून का आगमन हो चुका है। इसके पूर्व जिले में भीषण गर्मी व लू का प्रकोप था, जिससे लोग बेहाल थे। वहीं बारिश शुरू होने के बाद उमस भरी गर्मी परेशान लोगों को परेशान कर रही है। मौसम में बदलाव होने से लोग बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। इससे अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वहीं रविवार को जिले की 29 ग्रामीण व एक नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां पर डाक्टरों ने कुल 1791 मरीजों का इलाज किया गया। इनमें से सबसे अधिक 187 त्वचा रोग, 152 पेट संबंधी, 149 बुखार व 91 मरीज सर्दी-जुकाम के पीड़ित सामने आए। चिकित्सकों ने सभी का परीक्षण कर परामर्श दिया और दवाएं वितरित कर मौसम से सावधानी बरतने की हिदायत दी। डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूसानगर, देवराहट व जरसेन का निरीक्षण किया।

उन्होंने मरीजों को दी जाने वाली दवाएं और उपचार की जानकारी ली और संक्रमित रोगियों की स्क्रीनिंग के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में सफाई समेत अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। बदलते मौसम में लोग विशेष सावधानी बरतें और बाहर की खुली सामग्री को खाने से बचें। किसी समस्या पर नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक से परामर्श लें।




पीएचसी जनसेन में आरोग्य मेले का निरीक्षण करते डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान। अमृत विचार



प्रोजेक्ट नई किरण में सुनवाई करतीं महिला पुलिस कर्मी व सदस्य।

# प्रोजेक्ट नई किरण में पांच मामलों में हुआ समझौता

**कानपुर देहात।** रविवार को माती पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरुआत पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए कुल 40 मामले आए। जिनमें नई किरण के सदस्यों द्वारा समझाने के बाद पांच परिवारों में आपसी समझौता करा दिया गया। जिसपर पति-पत्नी साथ रहने को तैयार हो गए।

इस मौके पर महिला थानाध्यक्ष सुषमा, पुलिस कर्मी राममूर्ति, रीनू, रामा देवी, जानकी देवी, रंजना सोनकर, आरती, शालू देवी, ज्योति शिखा, नई किरण सदस्य रामप्रकाश, कंचन मिश्रा, पूनम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

